भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2480
उत्तर देने की तारीख 03.08.2026

लोक एवं जनजातीय कलाकारों के मानदेय में विसंगति

2480. श्री उज्जवल रमण सिंह :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज द्वारा लोक एवं कास्ट्रल जनजातीय कलाकारों, विशेषकर गंगापार एवं यमुनापार क्षेत्रों के बिरहा कलाकारों को अत्यधिक कम एवं असंगत मानदेय पर प्रस्तुतियाँ देने के लिए विवश किया जा रहा है; और

(ख) क्या उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा लोक एवं जनजातीय कला प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों हेतु कलाकारों को संस्कृति मंत्रालय के दिशानिर्देशों के विपरीत मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानदेय दरों से कम मानदेय का भुगतान किया जा रहा है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): भारत सरकार ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी), प्रयागराज की स्थापना उनके सदस्य राज्यों की लोक/जनजातीय संस्कृति के विभिन्न रूपों की रक्षा, प्रचार और संरक्षण के लिए की है। एनसीजेडसीसी अपने सदस्य राज्यों में नियमित आधार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसके लिए वे बिरहा कलाकारों सहित लोक/जनजातीय कलाकारों को शामिल करते हैं। निर्धारित मानदंडों के अनुसार, भाग लेने वाले प्रत्येक कलाकार को उनकी आजीविका में सहायता के लिए पहले दिन 3,000/- रुपए, दूसरे दिन 1,500/- रुपए और कार्यक्रम के शेष दिनों के लिए 900/- रुपए प्रति दिन की दर से मानदेय का भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, भाग लेने वाले प्रत्येक कलाकार को लागू मानदंडों के अनुसार यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता, स्थानीय परिवहन, भोजन और आवास की सुविधाएं आदि प्रदान की जाती हैं।

एनसीजेडसीसी ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बिरहा कलाकारों को प्रस्तुतिकरण के अवसर प्रदान किए हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान एनसीजेडसीसी द्वारा शामिल किए गए बिरहा मंडलियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**कार्यक्रम का नाम**	**शामिल किए गए बिरहा मंडलियों की संख्या**	**बिरहा मंडलियों को दिया गया पारिश्रमिक**
i.	चलो मन गंगा यमुना तीर (माघ मेला-2024), प्रयागराज	8 मंडलियां (कुल कलाकार-56)	पूर्व अनुमोदित मानदंडों के अनुसार टीम प्रमुख को 1000/- रुपए और दल के प्रत्येक सदस्य को 800/- रुपए
ii.	उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस, प्रयागराज	1 मंडली (कुल कलाकार - 5)	निर्धारित पारिश्रमिक 20000/- रुपए (संशोधित मानदंडों और स्थानीय परिवहन के अनुसार टीम प्रमुख को 6000/- रुपए और दल के प्रत्येक सदस्य को 3000/- रुपए सहित)
iii.	महा कुंभ-2025, प्रयागराज	1 मंडली (कुल कलाकार - 5)	निर्धारित पारिश्रमिक 20000/- रुपए (संशोधित मानदंडों और स्थानीय परिवहन के अनुसार टीम प्रमुख को 6000/- रुपए और दल के प्रत्येक सदस्य को 3000/- रुपए सहित)

******